भा.कृ.अ.प - केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान
शिमला-171001, हि.प्र. (भारत)
ICAR-Central Potato Research Institute
(Indian Council of Agricultural Research)
SHIMLA 171 001, HP

ISO 9001:2015

पंजीकृत

संख्या एफ.10-13/2018/स्था.II/ 15377 दिनांक 11 दिसम्बर, 2018

सेवा में,

निदेशक (कार्मिक),
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्,
कृषि भवन, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद रोड़,
नई दिल्ली-110001 ।

विषय : सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों के पश्चात वैज्ञानिकों का पेंशन परिशोधन ।

महोदय,

विनम्र निवेदन है कि आपके दिनांक 29 अगस्त, 2018 के पत्रांक 1-4/2009-कार्मिक IV द्वारा सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने के पश्चात दिनांक 01.01.2016 से वैज्ञानिकों के पेंशन परिशोधन किए जाने के हेतु कार्यवाई किए जाने के लिए लिखा गया है । जिसके तहत MoHRD द्वारा जारी दिनांक 11.06.2018 की अधिसूचना के अनुसार वैज्ञानिकों के पेंशन परिशोधन किए जाने के निर्देश दिए गए हैं ।

उपरोक्त संदर्भ में संस्थान द्वारा दिनांक 19 सितम्बर एवं 12 अक्तूबर, 2018 को मार्गदर्शन के लिए पत्र प्रेषित किया गया था । जिसके तहत अनुरोध किया गया था कि वैज्ञानिकों को UGC के वेतनमान लागू किए गए हैं तथा निदेशक , पेंशन एवं पेंशनर कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 06.07.2017 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 38/37/2018-P&PW(A) के तहत जो concordance table परिचालित की गई है वे वैज्ञानिकों के UGC वेतनमानों के अनुसार नहीं है । जिसके कारण वैज्ञानिकों के पेंशन परिशोधन की कार्रवाई नहीं हो पा रही है तथा वे सभी बार-बार इस संदर्भ में कार्रवाई करने हेतु अनुस्मारक दे रहे हैं ।

अत: आपसे अनुरोध है कि वैज्ञानिकों के पेंशन परिशोधन हेतु संस्थान का मार्गदर्शन करने तथा लागू की जाने वाली concordance table प्रेषित करने की कृपा करें ।

सादर,

भवदीय,

(रत्नेश कुमार)
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपि सूचनार्थ:
1. वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी, केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला ।
2. प्रभारी, AKMU, केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला को पेंशनर कोरनर पर अपलोड करने हेतु ।

(रत्नेश कुमार)
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी

Telephones: 0177-2625073 (O) 0177-2625930 (Resi) Fax: 0177-2624460
Email: director.cpri@icar.gov.in, directorcpri@gmail.com, Website: http://cpri.icar.gov.in